Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 13-01-2022 अंक 113

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### संजय यादव ने विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ माहतो से किया भेंट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही यादव सेना के अध्यक्ष संजय यादव ने गुरुवार को विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ माहतो के जन्मदिन पर मिलकर पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही दारोगा लालजी यादव के मौत पर उच्चस्तरीय जाँच की मांग किया।



### आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक : 14.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---द्वादशी तिथि
दिनः---शुक्रवार
नक्षत्रः---रोहिणी नक्षत्र
योगः---शुक्ल
करणः---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:43
सूर्यास्त : संध्या 05:17
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिन :---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज माँ भगवती के नाम से देवी मंडप मे गुढ़ चाढ़ने से हर मनोकामना पूर्ण होता है



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# बरकट्ठा पुलिस ने 1533 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : गुप्त सूचना पर बरकट्ठा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर पर लदे 1533 बोतल में अवैध नकली अंग्रेजी शराब ज़ब्त किया गया।इस बावत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान बगोदर की ओर से एक ट्रैक्टर मे अवैध अंग्रेजी शराब का खेप बरकट्ठा थाना के समीप पकड़ा गया पुलिस के मुताबिक बरकट्ठा पुलिस को देखकर पतालसुर के समीप ट्रेक्टर चालक ने चलती ट्रेक्टर से कूद कर फरार हो गया जिससे ट्रैक्टर पलट गई शराब की पेटी को छुपाने के लिए सी. मेंट का इट लोड कर लिया गया था एएसआई नसीम अख्तर ने सदल बल जाकर ट्रेक्टर को जब्त किया तलाशी के क्रम लाल रंग की महेंद्रा ट्रेक्टर पर लदे 1533 बोतल रॉयल ओल्ड ट्रिपल एक्स ब्रांड का अंग्रेजी शराब व 300 पीस सीमेंट ब्रिक्स बरामद किया समाचार लिखे जाने तक ट्रेक्टर मालिक का पता नही चल पाया था वही शराब तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए नया तरीका ईजाद किया जिसपर लोगो की कम निगाह रहती है ध्यान रहे बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में प्रत्येक दिन दर्जनों इट बालू से लदे ट्रेक्टरो का आवागमन होता है इसी बात का फायदा उठाने के लिए इस तरह की तकनीक लगाई गई है।ज्ञात हो बरकट्ठा के जंगली क्षेत्रो में बड़ी मात्रा में शराब चुलाई व कच्ची स्प्रीट से अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा जोरो पर है पुलिसिया कारवाई के बाद कुछ दिनों बाद यह धंधा जोरो पर होता है ।




पुलिस द्वारा जब्त किया गया शराब व ट्रैक्टर

# लालजी के संदेहास्पद मौत मामले में राष्ट्रीय यादव सेना के पदाधिकारियों ने किया पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात, दोषियों को सजा एवं परिजनों को न्याय दिलाने का किया मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत नावा बाज़ार से निलंबित थाना प्रभारी लालजी यादव की संदेहा. स्पद मौत पर राष्ट्रीय यादव सेना ने घोर निंदा किया है। इस बाबत बुधवार को राष्ट्रीय यादव सेना की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शोभा यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा यादव, जिला महामंत्री संजय यादव रांची स्थित रिम्स पहुंचे एवं स्व लालजी यादव को प्रताड़ित करनेवाले जिम्मेवार पलामू डीटीओ एवं एसपी के बचाव में खड़े रसूखदार लोगों पर उच्चित करवाई करने का मांग किया। इस बाबत राष्ट्रीय यादव सेना के लोग पर्व मुख्यमंत्री सह विपक्ष के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर पूरे प्रकरण से उनको अवगत कराते हुए किया। राष्ट्रीय यादव सेना के सीबीआई जांच करवाने की मांग कहा यदि लालजी यादव के कार्यकारी अध्यक्ष शोभा यादव ने दोषियो को सजा एवं परिजनों को न्याय नही मिला तो हमलोग चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे, राष्ट्रीय यादव सेना के युवा अध्यक्ष कृष्णा यादव में कहा लालजी यादव एक सच्चे देशभक्त थे, पुलिस की ड्यूटी निष्ठावान रूप से करना चाहते थे लेकिन कुछ उच्च पदाधिकारियो को उनका व्यवहार रास नही आया यही कारण है कि आज यह घटना घटी है, मामले की उचित जांच कर परिजनों को न्याय दिलाया जाए। जिला महामंत्री संजय यादव ने बताया कि राष्ट्रीय यादव सेना लालाजी यादव की मौत का घोर निंदा करती है पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं लालजी यादव के दोषियों को सजा मिले अन्यथा हमलोग इसका जोरदार आंदोलन करेंगे।



पुर्व मुख्यमंत्री से वार्ता करते यादव समाज के अधिकारी

# आरएसएस ने दो स्थानों पर किया स्टेशनरी एवं वस्त्र वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही शिवाजी प्रभात शाखा के स्वयंसेवक बंधुओं ने अपने पूर्वनियोजित सेवा सप्ताह के पंचम दिवस पर सेवा उपक्रम के अंतर्गत सेवा बस्ती में अलग-अलग दो कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रथम रामनगर (अफिम कोठी) के प्रांगण में बच्चों के बीच १ स्टेशनरी वितरण १ अजित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता सुनील सोनी जी ने कहा कि सामाजिक समरसता निर्माण करने के दिशा में अति सामान्य अपने जनों के बीच आने-जाने, मिलने-जुलने की सेवा उपक्रम एक कडी है।उक्त कार्यक्रम का संचालन कोडरमा जिला सह सेवा प्रमुख राजेश केशरी एवं धन्यवाद ज्ञापन विहिप प्रखंड अध्यक्ष नन्द किशोर कुमार ने किया।उसी दिन प्रातः संघ स्थान के बाद लगभग आठ बजे शबरी नगर (भुईयां टोली) में १ नवीन वस्त्र वितरण समारोह १ रामा भुईयां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उत्तर-पूर्व क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने अध्यक्ष महोदय को अंगवस्त्र भेंट देकर सम्मानित किए। मुख्य वक्ता के नाते जिला मुख्य मार्ग प्रमुख चंदन कुमार सिन्हा जी ने हिन्दु समाज को एक जुट बनाएं रखने में डां भीमराव अंबेडकर जी के अमूल्य योगदान का प्रसंग उल्लेख किए। कार्यक्रम का संच. ालन वस्त्र व्यावसायी कृष्णा गुप्ता एवं मनोज केशरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर कई स्वयं सेवक मौजूद रहे।



वस्त्र वितरण करते आरएसएस के सदस्य

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार


सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पूर्व थाना प्रभारी लालजी यादव मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाये सरकार : मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक बरही

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



**मनोज कु0 यादव**

पलामू जिला अंतर्गत नवाबजार थाना पूर्व थाना प्रभारी लाल जी यादव के सन्देहास्पद मौत का उच्च स्तरीय जांच कि मांग पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड सरकार से किया है। पूर्व विधायक ने कहा कि थाना प्रभारी जब लगातार बालू माफिया एवं अपराधियों के खिलाफ एक्शन मोड थे तो थाना प्रभारी को हटाने का क्या औचित्य था। एस पी ने बालू माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने के लिए लालजी यादव को लाइन हाजिर किया। लालजी यादव के परिवार को पहुँचने से पहले लालजी यादव का पोस्टमार्टम आनन फानन में करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों की कार्यशैली उचित प्रतीत नही होता है। उन्होंने ने कहा कि लालजी यादव जंहा भी प्रभारी बन कर रहे अपने दायित्व को बखूबी अंजाम दिये।जिसका जीता जागता उदाहरण उनके आसमयिक मौत पर आम जनों का समर्थन लाल जी यादव के तरफ है। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार में जब एक पुलिस पदाधिकारी के साथ इस तरह का ब्यवहार किया जा सकता है ,तो आम अवाम के साथ क्या होता होगा यह अतिसंवेदनशील मुद्दा है। हेमंत सोरेन के सरकार में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से चरमरा गई है। इस सरकार में हर वर्ग के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। साथ ही पूर्व विधायक ने कहा मीडिया के माध्यम से हेमंत सरकार मांग करता हूं,कि लालजी यादव के मौत का उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो। एवं उनके आश्रितों को तत्काल प्रभाव से सरकारी नौकरी एवं मुआवजा दिया जाय वरना हम सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे।

## नवाबजार थाना प्रभारी लालजी यादव मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाये सरकार : अमरदीप निराला।

**अपेम लाइवः गावां**
**मोजाहिद अली**



**अमरदिप निराला**

गावां, गिरिडीह : पलामू जिला के नवाबजार थाना प्रभारी लालजी यादव की सन्देहास्पद मौत पर राष्ट्रीय यादव सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप निराला ने झारखंड सरकार से इस मामले को उच्च स्तरीय जांच करवाने का मांग किया। अमरदीप निराला ने कहा कि थाना प्रभारी जब लगातार बालू माफिया एवं अपराधियों के खिलाफ एक्शन मोड थे तो थाना प्रभारी को हटाने का क्या औचित्य था। एस पी ने बालू माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने के लिए लालजी यादव को लाइन हाजिर किया। लालजी यादव के परिवार को पहुँचने से पहले लालजी यादव का पोस्टमार्टम आनन फानन में करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों की कार्यशैली से प्रतीत होता है कि इनकी मौत कहीं साजिस के तहत तो नहीं किया गया। वहीं अमरदीप निराला ने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हेमन्त सरकार में जब एक पुलिस पदाधिकारी के साथ इस तरह का ब्यवहार किया जा सकता है तो आम अवाम के साथ क्या होता होगा यह विचारणीय प्रश्न है। हेमंत सोरेन के सरकार में ल० एंड अ०र्डर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। झारखंड में अपराधियों के गठजोड़ से सरकार चल रही है। इस सरकार में हर वर्ग के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। यदि इस मामले में झारखंड सरकार सकारात्मक पहल नहीं करती है तो राष्ट्रीय यादव सेना के बैनर तले पूरे राज्य में आंदोलन किया जाएगा।

## कुटमा में सोहराय पर्व के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित, भीम आर्मी सदस्य हुए शामिल

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



**मांदर कि थाप पे थिरकते लोग**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत सुदूरवर्ती गॉव कुटमा में सो. हराय पर्व के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सूरज दास ने कहा कि यह दिन बहुत ही खास है गौरव का दिन है कि आज प्रकृति पूजा सोहराय पर्व के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है और हमारी संस्कृति को जिंदा रखे हैं। बतौर अतिथि भीम आर्मी बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास ने कहा कि आज सो. हराय पर्व के अवसर पर संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की आवश्यकता है ताकि हमारी मूलनिवासी संस्कृति और सभ्यता को भुलाया नही जा सके। यह झारखण्ड की धरती है यहां बिरसा, सिद्धू-कान्हू, तिलका मांझी, चांद-भैरव जैसे महापुरुषों की धरती को आदिवासी धरती को यहां के कला, संस्कृति और शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सोहराय पर्व के अवसर पर हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएं भी दी। भीम आर्मी सचिव रिज़वान अली के कहा कि आज सोहराय पर्व के अवसर पर कुटमा गॉव पहुंचकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। और काफी खुशी मिली। इस आदिवासी त्योहार पर आप सभी को जोहार करता हूँ। और हम सभी को संकल्पित होकर अपने संस्कृति व शिक्षा को बचाने के लिए आगे आना होगा। हम सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनी मुर्मू और संचालन हीरालाल हांसदा और बाबूलाल मुर्मू ने किया। पारंपरिक मांदर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर एवं गीत प्रस्तुत कर आदिवासी माता-बहन, बुजुर्ग सभी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुरुआत किया किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीम आर्मी अध्यक्ष सूरज दास, सचिव रिज़वान अली, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राव अम्बेडकर, शिक्षक जितेंद्र कुमार, सुनील आनंद, सुनील कुमार, धोबीघाट से रवि कुमार आदि लोग शामिल हुए।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम कर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष का किया स्वागत, मनायी खुशियां

**अपेम लाइवः गावां**
**मोजाहिद अली**





**अध्यक्ष का स्वागत करते लोग**

गावां प्रखंड 20 सूत्री गठन के बाद गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर 20 सूत्री अध्यक्ष के रूप में चयनित अजय सिंह का गर्मजोशी के स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष समेत चयनित सभी सदस्यों का माला पहना कर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। वहीं नवचयनित अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि जिस तरह पार्टी के उच्च पदाधिकारियों ने मुझ पर भरोसा करते हुए हमें 20 सूत्री अध्यक्ष पद के लिए चुना है, मैं उस उम्मीद पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने पार्टी के सभी आलाकमान का आभार व्यक्त किया। साथ ही आज के बैठक में झामुमो प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के भी गठन किया गया जिसमें मो0 अफ़ज़ल रजा को अल्पसंख्यक झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चुना गया। मौके पर मो0 मंसूर आलम, सोनू कुमार, मो0 एज़ाज़, अनिरुद्ध उपाध्याय, मो0 शहाबुद्दीन, जन्नतुल फिरदौस, जगदीश यादव, मो0 जसीम उद्दीन, प्रदीप सिंह, मो0 सेराज, अर्जुन शोरेन, जमीला खातून, विनय सिन्हा, कैलाश प्रसाद सिंह, शक्ति रविदास, मंसूर अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता के पहल पर दिव्यांगों को मिल रहा लाभ

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




**दिव्यांग मुकेश यादव**

बरही भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता के पहल पर दिव्यांगों को उनका अधिकार मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश यादव उम्र 23 वर्ष पिता महादेव यादव बूढ़ीडीह निवासी जो बचपन से दिव्यांग थे । जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र नही रहने के कारण सरकारी लाभ से वंचित थे। वहीं भा. जपा नेता रितेश गुप्ता ने आला अधिकारियों से बात कर उनका कागजी करवाई पूरा करवाया। जानकारी के अनुसार मुकेश यादव का दिव्यांग प्रमाण पत्र उन्हें 15 जनवरी को मिलेगा। वहीं रितेश गुप्ता ने कहा कि मुझे दिव्यांगजनों को मदद कर मुझे खुशी महसूस होती है।

## जिप सदस्य राजेन्द्र चौधरी ने किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**अपेम लाइवः गावां**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भाग संख्या 2 के जिप सदस्य राजेंद्र चौधरी के द्वारा कम्बल वितरण के दौरान गुरुवार को पा. सनौर पंचायत के महुरी गांव में गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से भा. जपा महामंत्री ललित पाण्डेय एवं गांवा मुखिया प्रतिनिधि बनारस सिंह बानू उपस्थित थे। उक्त संबंध में श्री चौधरी ने बताया कि हमलोग हर गरीब तक पहुंच कर उनके समस्या को सुन रहे है। वही मुखिया प्रतिनिधि बनारस सिंह ने बताया कि हमलोग हर गांव जाकर लोगो को चयनित कर असहाय गरीबों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहे हैं। ललित पाण्डेय ने बताया कि हमलोग दिन प्रतिदिन सभी का सेवा में है और हमलोग का प्रयास है की हर लोगो तक पहुंच सके और उनको मदद कर सके। मौके पर ललित पाण्डेय ,विकास पांडे,अजीत पांडे ,अजीत शर्मा,राजेश तुरी,रविंद्र राणा बिरजू दास,आदि दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## इस वर्ष मकर शांक्रांति 15 जनवरी को बन रहें है कई शुभ संयोग :- ज्योतिषचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइवः इटखोरी**



ज्योतिषचार्य संदीप शर्मा

माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषचार्य संदीप शर्मा बताते है की सनातन धर्म में मकर संक्रांति का बहुत ही महत्व है। पौष मास में जब सूर्य देवगुरु बृहस्पति की मूल त्रिकोण राशि धनु राशि को छोड़ कर अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं, तभी इस पर्व को मनाया जाता है। इस बार यह शुभ तिथि 15 जनवरी दिन शनिवार को है। इस दिन जप, तप, दान और स्नान का विशेष महत्व है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करेंगे तब मकर राशि मे शनिदेव पहले से शामिल रहेंगे। इस मकर संक्राति पर कई विशेष संयोग बन रहे हैं, जो इस पर्व को और भी शुभ बना रहे हैं।

इस वर्ष 15 जनवरी को ही क्यों मकर शांक्रांति :- इस वर्ष मकर शांक्रांति 15 को है क्योंकि नीति शास्त्र के विद्वान कहते है की अगर सूर्यदेव मकर राशि मे सूर्यास्त के समय प्रवेश करें तो अगले सुबह मकर शांक्रांति मनाया जायेगा और इस वर्ष सूर्य 14 जनवरी को रात्रि 08:49 को मकर राशि मे प्रवेश कर रहे है इसी लिए 15 जनवरी को होगा मकर शांक्रांति

मकर संक्रांति पर सूर्य मिलेंगे अपने पुत्र शनि से :–मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से निकल अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं। माना जाता है कि इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए खुद उनके घर आते हैं। इस वजह से इस खास दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस साल अच्छी बात है कि गोचर में शनि मकर राशि में ही चल रहे हैं और इस वर्ष दिन भी शनिवार है जिससे मकर संक्रांति और महत्वपूर्ण बन गई है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि उत्तरायण देवताओं का दिन और दक्षिणायन रात होती है। सूर्य के उत्तरायण होने पर गरम मौसम की शुरुआत हो जाती है। इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और इसका फल कई जन्मों तक मिलता है।

इतिहास में मकर संक्रांति :–मकर संक्रांति को लेकर कई कथाएं हैं। सबसे पहली कथा श्रीमद्भागवत एवं देवी पुराण में बताई गई है। इनके अनुसार, शनि महाराज को अपने पिता सूर्यदेव से वैर भाव था क्योंकि सूर्यदेव ने उनकी माता छाया को अपनी दूसरी पत्नी संज्ञा के पुत्र यमराज से भेदभाव करते हुए देख लिया था। इस बात से सूर्य देव ने संज्ञा और उनके पुत्र शनि को अपने से अलग कर दिया था। इससे शनिदेव और उनकी छाया ने सूर्यदेव को कुष्ठ रोग का शाप दे दिया था।

सूर्यदेव ने शनिदेव का घर जला दिया :–सूर्यदेव के कुष्ठ रोग से पीड़ित देखकर यमराज काफी दुखी हुए और उन्होंने इस रोग से मुक्ति के लिए तपस्या भी की थी। सूर्यदेव ने क्रोध में आकर शनि महाराज के घर कुंभ, जिसे शनि की राशि कहा जाता है, उसको अपने तेज से जला दिया था। इससे शनि देव और उनकी माता छाया को कष्ट भोगने पड़े। यमराज ने अपनी सौतेली माता और अपने भाई शनि को कष्टों में देखकर उनके कल्याण के लिए सूर्यदेव को काफी समझाया।

इस तरह तिल से पूजा का नियम हुआ शुरू :–यमराज के समझाने पर सूर्य देव उनके घर कुंभ में पहुंचे थे। वहां सबकुछ जला हुआ था। उस समय शनिदेव के पास काले तिल के अलावा कुछ नहीं था इसलिए उन्होंने काले तिल से ही उनकी पूजा की। शनि की पूजा से प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने शनि महाराज को आशीर्वाद दिया कि शनि का दूसरा घर मकर राशि में मेरे आने पर वह धन–धान्य से भर जाएगा। तिल के कारण ही शनि महाराज को उनका वैभव फिर से प्राप्त हुआ था, इसलिए शनि महाराज को तिल काफी प्रिय हैं। इसी वजह से मकर संक्रांति के दिन तिल से सूर्य देव और शनि महाराज की पूजा का नियम शुरू हुआ और इसे तिल संक्रांति के नाम भी जाना जाने लगा।

भीष्म पितामाह ने त्यागी थी देह :–मकर संक्रांति की अन्य कथा यह भी मिलती है कि मकर संक्रांति के दिन ही महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह को त्याग दिया था। भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के मकर राशि में आने का इंतजार किया था। सूर्य के उत्तरायण के समय देह त्यागने वाली आत्माएं, सीधे देवलोक में जाती हैं। जिससे आत्मा जन्म–मरण के बंधंन से मुक्त हो जाती हैं।

## बंगराकला में पंचायत समिति ने किया पीसीसी पथ का भब्य तरीके से उद्घाटन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**





पिसिसि पथ का उद्घाटन करते पंचायत समिति व अन्य

बिरनी के बंगराकला के पंचायत समिति लक्ष्मण दास के द्वारा अनुशंसित योजना ग्राम बंगरा कला में मेन रोड से रामचंद्र साव घर तक पीसीसी पथ का उद्घाटन ढोल बाजा के साथ नारियल फोडकर और फीता काटकर भब्य तरीके से किया गया, इस दौरान ग्रामीणों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ बिरनी प्रमुख श्रीमती सुलोचना देवी एवं उपप्रमुख कलीमउद्दीन अंसारी, पूर्व सांसद प्रति. निधि मनोज सिंह, माखम. रगो पंचायत समिति तुलसी यादव, बंगरा कला पंचायत समिति लक्ष्मण दास, जरीडीह पंचायत समिति कैलाश पासवान, भाजपा के बिरनी प्रखंड अध्यक्ष रा. जदेव साव, मनोज चंद्रवंशी एवं स्थानीय उपमुखिया भूनेश्वर राणा, वार्ड सदस्य कलावती देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस रोड़ के उद्घाटन होने से ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल था और स्थानीय लोगों ने सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। यह पीसीसी पथ 2.5 लाख की लागत से लाभुक समिति का गठन कर निर्माण किया गया जिसका अध्यक्ष रामचंद्र साव एवं सचिव पवन कुमार शर्मा मौजूद थे और इस कार्यक्रम का संचालन दयानंद पांडेय ने किया। इस दौरान स्थानीय पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण दास ने कहा कि हम बंगराकला के सर्वांगिण विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं और आने वाले समय में जनहित में बुनियादी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रयास करेंगे और सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर जनहित में कार्य करते रहेंगे क्योंकि आज तक का राजनीति सफर में बंगरा कला के ग्रामीणों का काफी सहयोग रहा है इसलिए पूरे बंगराकला पंचायत के मान सम्मान के लिए हमेशा एक कदम आगे खडा रहूँगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही देवचन्दा मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में रवि कुमार (32) एवं पंकज कुमार (28) शामिल हैं। दोनो को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



## दुलमहा में बनेगा चंद्रवंशी भवन, रखी गई आधारशीला

### चंद्रवंशी समाज की ओर से दुलमहा में वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



कार्यकम मे शामिल लोग

चंद्रवंशी समाज की ओर से दुलमहा में वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उमेश चंद्रवंशी ने किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोड. रमा भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, संगठन सचिव अशोक चंद्रवंशी, भाजपा जिला ओबीसी उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य एवम अन्य अतिथियों के द्वारा चंद्रवंशी भवन का आधारशिला रखी गई। उन्होंने कहा कि यह भवन बनाने से सभी जाति समुदाय के लोगों का लाभ होगा । साथ ही चन्द्रवंशी समाज के लोगों को एक जुट हो कर आने वाले पंचायत चुनाव में चढ़ बढ़ हिस्सा लेने की बात कही। समाज के लोगो को नशापान से दूर रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने एवम सीएनटी के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशी समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ।। शिक्षा ही अनमोल रत्न है ।जिससे माध्यम से लोग उच्च मुकाम हासिल कर सकते हैं। चन्द्रवंशी समाज के संगठन सचिव अशोक चन्द्रवंशी ने कहा कि भूमि दाता ईश्वर चन्द्रवंशी धन्य हैं , जिन्होंने भवन के लिए अपना जमीन दान देकर अजर अमर होने का काम किया। प्रखंड अध्यक्ष उमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण करे। क्योंकि नशा करने से धन और शरीर का दोनों की हानि होती है भा. जपा जिला ओ बी सी उपाध्यक्ष पप्पू चन्द्रवंशी ने कहा कि चन्द्रवंशी एकजुट होकर कुछ भी कर सकता है। ईश्वर चन्द्रवंशी ने कहा कि मै निशुल्क जमीन दान देकर पूण्य कमाने का काम किया है। दुलमहा समाज के वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन में मुख्य रूप से नितेश चंद्रवंशी(भाजपा जिला अध्यक्ष), राजेन्द्र चंद्रवंशी(सांसद प्रतिनिधि), उमेश चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, ज्ञानी चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, ईश्वर चंद्रवंशी, बालदेव चंद्रवंशी, राजेन्द्र,प्रभु, सागर,बिनोद, दीपक, लोकेश, सुधीर, राजेश, सोनू, आशीष, पिंटू,संदीप सहित सैकड़ों महिला पुरुषों भाग लिया।





APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह




सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक ने पचंबा हाई स्कूल को मॉडल स्कूल विकसित करने हेतु किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



गुरुवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने हाई स्कूल पचंबा को लगभग पौने सात करोड़ की लागत से मॉडल स्कूल के तौर पे विकसित करने हेतु शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा का स्तर को सुदृढ़ करने हेतु मॉडल बनाया जा रहा है यहां के क्लास रूम, हॉल, प्रशासनिक भवन, साइंस रूम, पार्क-खेल मैदान आदि नए रूप में दिखेंगे जिससे छात्रों को हाईटेक शिक्षा व अन्य सुविधाएं मिलेंगी और यहां आस-पास के छात्र-छात्राऐं लाभान्वित होंगे। विधायक ने उपस्थित संवेदक और इंजीनियर को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का आदेश दिए। इस शिलान्यास कार्यक्रम में वार्ड प्रतिनिधि अनिल राम, गौरव कुमार, रॉकी सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

## महुवाबाद में होगा भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, टर्फ पिच पर होगा मैच, तैयारी शुरू

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी बसरिया पंचायत के महुवाबाद में भव्य व आकर्षक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन कि तैयारी जोरों पर है। इस वर्ष आकर्षण का केंद्र टर्फ पिच पर मैच का होना है। आयोजको ने बताया कि ड्यूज बॉल से खेले जाने वाले मुकाबले में झारखण्ड, बिहार, बंगाल व यूपी की टीमें भाग लेती है। बताया टर्फ पिच बनने के बाद प्रतियोगिता आयोजन की तिथि घोषित कर दिया जाएगा। बताया कि प्रतियो. गिता में क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय नियमो का पालन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में विजय साव, अरविंद कुमार साव, चंदन कुमार पासवान, सुधीर कुमार साव, बिनोद कुमार साव, मिथलेश कुमार साव, राजू पासवान, जितेंद्र कुमार, रामभरोष साव, आशीष कुमार, राकेश रजक, सुनील पासवान, दीपक साव, सोहन साव, रो. हित कुमार, नंदकिशोर साव, हिमांशु कुमार, नितेश पा. सवान, गोलू कुमार, करण कुमार, सचिन साव, आदित्य कुमार, गणपति साव, छोटू कुमार, सत्यानंद साव, राहुल साव, विनय साव, शशि कुमार, गोविंद साव, नकुल साव, विकाश कुमार, राजेश साव, टेकलाल साव, मिंटु साव, मनोज साव, तपेश्वर साव, अशोक साव आदि लगे हुए है।

## भाजपा नेत्री पूनम साहु के नेतृत्व में भू रैयतों ने प्रभा एनर्जी लिमिटेड कंपनी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



धरना पर बैठे पूनम साहू

प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत अंतर्गत प्रभा एनर्जी 39 नंबर प्वाइंट में भाजपा नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि पूनम साहु के नेतृत्व में को. विड-19 का पालन करते हुए भू रैयतों ने धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पूनम साहु ने प्रभा एनर्जी लिमिटेड पर मनमानी रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रभा एनर्जी रैयतों के भावनाओं के साथ खेल रही है। ज़मीन के बदले नौकरी देने की भूमि अधिग्रहण नियम को दरकिनार करते हुए विस्थापितों को 2 महीना नौकरी करा कर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा रैयतों से अधिकृत जमीन का तय मुआवजा विगत कई महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। विस्थापितों से जमीन लेकर उन्हें राशि भुगतान करने के बजाय उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। कहा कि पूरे मामले से स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा और केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली को अवगत करा चुकी हूँ। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि रैयतों की हर उचित मांगो को पूरा किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि किसी भी स्थिति में उनका हक उनसे छीना नहीं जाएगा रैयतों को उचित न्याय मिलेगा।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में विष्णुगढ़ की टीम ने किया खिताब पर कब्जा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के तत्वाधान में प्रखंड के जोबर फुटबॉल मैदान में प्रखंडस्तरीय खेल. कूद प्रतियोगिता का समापन फाइनल मैच के साथ हुआ। प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल, वॉलीबॉल, दौड, बैडमिंटन, कबड्डी समेत अन्य खेल प्रतियो. गिता आयोजित किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मैच विष्णुगढ़ बनाम चानो की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक एंव संघर्षपूर्ण मुकाबले में विष्णुगढ़ की टीम पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से बढ़त बनाकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल गाल्होबार बनाम बंदखारो की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें गाल्होवार की टीम विजेता रही। दौड़ में राहुल कुमार महतो प्रथम, रोशन कुमार महतो द्वितीय तथा गंगाधर कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, बैड. मिंटन में पोखलाल व उमाशंकर मिश्रा ने कब्जा जमाया। सभी विजेता तथा उपविजेता टीम को जोबर ग्राम पंचायत प्रधान मुनीलाल महतो, एनवाई के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सुधीर कुमार रजक के द्वारा मेटल, ट्राफी देकर सम्मा. नित किया। प्रतियोगिता से पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभा को उभारने के लिए सरकार की यह बेहतर पहल है। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर प्रमिल कुमार पोद्दार, सुनील मंडल, सूरज पाठक, हिमांशु कुमार, राहुल कुमार, उमाशंकर मिश्रा, सोनू, गंगाधर, मोहन महतो, धीरज शर्मा, तुलसी सिंह, डेगलाल महतो, पोखलाल महतो, फलजीत महतो, सुरेश महतो, किशोर, पिंटु, विजय कुमार, मुकेश, टेकलाल, गणेश, संतोष, सुभाष, मोहित समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य सहिया के बीच मुख्यमंत्री कोरोना राहत किट का वितरण

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रखण्ड के सामुदायिक अस्पताल चौपारण में पूर्व प्रभारी चिकित्सक योगेंद्र सिंह के द्वारा प्रखण्ड के स्वास्थ्य सहिया के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री राहत किट का वितरण किया गया। गुरुवार को श्री सिंह के द्वारा 30 किट का वितरण किया गया। इससे पूर्व जितने भी कोरोना संक्रमित थे उनके बीच भी मुख्यमंत्री राहत किट का वितरण किया गया है। अब तक लगभग प्रखण्ड में 150 कीट का वितरण सामुदायिक अस्पताल चौपारण से किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि सहिया को मिले किट को गांवो में अगर किसी को बुखार,सर्दी ,खांसी व अन्य लक्षण वाले बीमार ब्यक्ति होंगे उनका कोरोना जांच करवाते हुए उन्हें देना है। चिकित्सक श्री सिंह ने प्रखण्ड वासियो से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना से सतर्कता ही बचाव है। इसलिए घरों से मास्क पहन कर ही बाहर निकलें । साथ ही सोशल डिर्स्टेडिंग का पालन अवश्य करें । तीसरी लहर में युवा और बच्चे भी संक्रमित हो रहे हैं। इसलिए स्वयं भी सावधानी बरतें और बच्चों पर ध्यान दें।


## रामेश्वर यादव अध्यक्ष व रसीद अंसारी बने बीस सूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष

### प्रखण्ड वासियो ने दोनों को दिया बधाई

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



रामेश्वर यादव



मो.रसीद अंसारी

राजद प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव को कान्हाचट्टी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बनाया गया एवं उपाध्यक्ष मो. रसीद अंसारी को बनाया गया, इसे लेकर राष्ट्रीय जनता दल चतरा जिला की ओर से प्रखंड में चयनित किए गए लोगों की अधिसूचना बुधवार को जारी किया गया है, जिसमे कान्हाचट्टी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव, उपाध्यक्ष मो. रसीद अंसारी के अलावे सात सदस्य में, रामबृक्ष सिंह भोगता, योगेश यादव, श्रीमती रेशमी देवी, अशोक राणा, सत्यानन्द दुबे, मंगल तिवारी, मो. सामसुद्दीन मियां का नाम शामिल है बीस सूत्री गठन होने से राजद परिवार के कार्यकर्त्तायों में खुशी है।वही राजद कार्य कर्ताओं ने इन सभी नव चयनित कमिटी को बधाई भी दिए हैं।कार्यकर्ताओं ने कि रामेश्वर और रसीद दोनो पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं।जिनके कमिटी में पद मिलने से विकास की गति में और तेजी आएगी। बधाई देने वालो में मो.कबीर अंसारी, मो.सन्नाउल्ला खान उर्फ सोनू खान,राजेन्द्र राम, मो. शेरशाह, राकेश सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ का नाम शामिल है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र मे अधिक से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्र खुले

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बृहस्पतिवार को राज्य के खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक विभाग के माननीय मंत्री रामेश्वर उरांव से मुलाकात किया। अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों मे अधिक से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलवाने को लेकर मंत्री से आग्रह किया। बड़कागांव विधायक ने मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र कृषि बहुल क्षेत्र है। विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, केरेडारी तथा पतरातु प्रखंड अंतर्गत अनेकों पैक्सो में वर्ष 2021-22 मे धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जाना है जिसका प्रस्ताव कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित है। उक्त प्रखंडों में व्यापक धान क्रय केंद्रों मे धान अधिप्राप्ति नहीं होने के कारण किसानों को हो रही समस्याओं पर मंत्री रामेश्वर उरांव को अवगत कराया। और बताया कि किसानों के धान को औने-पौने दाम में बिचौलियों को बेचने की नौबत आ गई है। स्थानीय किसानों की स्थिति अति दयनीय होती जा रही है। इसीलिए किसान हित में यथाशीघ्र अधिक से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद्र को खोला जाए। विधायक अंबा प्रसाद की बातों पर माननीय मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि शीघ्र अति शीघ्र किसानों की सुविधा हेतु धान अधिप्राप्त। से वंचित पैक्सों को धान खरीदारी हेतु स्वीकृत करें।

## एक राजस्व कर्मचारी के भरोसे चल रहा है कान्हाचट्टी अंचल

### आवासीय,जाती,आय,धान अधिप्राप्ति एवं मोटेशन कार्य मे हो रही है बाधा, एक राजस्व कर्मचारी के भरौसे अंचल के पांच हल्का

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी अंचल में इन दिनों ग्रामीणों को एक रिपोर्ट भी करवानी है तो सप्ताह सप्ताह भर अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।और आवासीय,जाती,आय,धानाधिप्राप्ति हो या फिर मोटेशन के कार्य सभी मे रिपोर्ट करवानी है तो पहले अंचल का लगातार चक्कर काटने पड़ेगा।करचारी जी कहाँ और कब मिलेंगे इसका कोई ठौर ठिकाना नहीं होगा।जी ऐसा ही अंचल के ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है।कान्हाचट्टी अंचल में इन सभी के रिपोर्ट के लिए मात्र एक राजस्व कर्मचारी हैं।और वो भी कार्यालय के काम मे ही इतने ब्यस्त रहते हैं कि पब्लिक का काम कहां से करें।बताते चलें कि कान्हाचट्टी अंचल के अंतर्गत कुल पांच हल्का है और और पहले इन पांच हल्का में चार पांच कर्मचारी हुआ करते थे तो ग्रामीणों का रिपोर्ट और अन्य अंचल के काम जल्दी निपट जाता था लेकिन अभी मात्र एक कर्मचारी है जिसके कारण काम मे परेशानी ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।बताते चले कि पूर्व के राजस्व कर्मचारी,एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक शशिकांत पांडेय सेवा निव्रित हो गए और सर्वेश सिंह,विपुल पासवान,का कान्हाचट्टी से दुसरे अंचल में स्थानांतरण हो गया।अब अंचल में मात्र एक कर्मचारी अभय रंजन बच गए हैं जिनके भरौसे अभी पांचों हल्का का जिम्मा है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से एवं एल आर डी सी से अतिरिक्त कर्मचारी पदस्थापित करने की मांग की है।

## विधायक, पूर्व विधायक ने मृतक सदाम के परिजन से मिले, मामले को लेकर एसपी से भी किया मुलाकात

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



गुरुवार को भाकपा माले की टीम विधायक विनोद कुमार सिंह तथा पूर्व विधायक राजकुमार यादव की अगुवाई में मुंद्रा राइस मिल में हुई दुर्घटना से मृत मजदूर सद्दाम के परिजनों से मुलाकात की साथ ही बरवाडीह घटना के बाद हुई पुलिस कार्रवाई की खौफ से गांव की वस्तुस्थिति जानने के लिए वहां पदयात्रा भी किया। वहीं टीम ने मृतक सद्दाम की पत्नी से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया और वहीं स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि वे बिल्कुल ही भयभीत ना हों किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई होने से भाकपा माले आंदोलन करने को तैयार है। वहीं माले नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा को फंसाए जाने के मुद्दे पर निष्पक्ष जांच के साथ-साथ किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं करने की मांग को लेकर गिरिडीह के एसपी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एसपी ने निष्पक्ष जांच के बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके बाद नया परिसदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि बरवाडीह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है कई पुलिसवालों को भी चोट पहुंची है वहीं पुलिसिया कार्रवाई में भी कहीं न कहीं चूक हुई है। इसके बावजूद पुलिस को बदले की भावना से कार्रवाई करने से बचना चाहिए। बल्कि ठीक तरह से जांच के बाद ही किसी दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग माले को अवसरवादी कहते हैं उन्हें यह ठीक से समझ लेना चाहिए कि माले का स्वार्थ जनता के स्वार्थ से जुड़ा हुआ है। जहां कहीं भी गरीब मजदूर-किसानों का हक मारा जाएगा हम उनके स्वार्थ में खड़े होते हैं, और यही हमारी पहचान भी है। विधायक श्री सिंह ने इस वर्ष 16 जनवरी महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को केंद्रित रूप से बगोदर में मनाने के बजाय जिले भर में विभिन्न जगहों पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाने के पार्टी के निर्णय से भी अवगत कराया इधर पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि सिमरियाधौड़ा तथा आसपास हुई पुलिस की कार्रवाई के बाद लोगों में भय का माहौल है। सिमरियाधौड़ा के अधिकांश घरों में ताले लटके हुए मिले। एक बार फिर से तेलोडीह घटना की याद ताजा हो गई है। हम प्रशासन से किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई से परहेज करने तथा दोषियों की पूरी तरह शिनाख्त होने के बाद ही उस पर कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। यदि आम लोगों पर बिना वजह कोई कार्रवाई हुई तो हम आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले के लिए फैक्ट्री प्रबंधन को सीधा जिम्मेवार मानते हुए उसके ऊपर एफ आई आर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। इधर पार्टी नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने कहा कि मृतक मजदूर सद्दाम के परिजनों को मुआवजा कम मिला है प्रावधान के अनुसार 20 वर्ष के मजदूर के लिए मुआवजा 1680000 होता है फिर किस आधार पर 1125000 मुआवजा देकर वाहवाही बटोरी जा रही है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कमेटी सदस्य मनोवर हसन बंटी, प्रीति भास्कर, फूल देवी, अखिलेश राज, सनातन साव, उज्ज्वल साव, मो. सलमान, मो. शुभान, मो. आलम, ताज हसन, मो. इस्तेखार, रंजीत यादव, चांद, मनीष, निशांत भास्कर, सोनू रवानी, मो. फिरोज, सन्नी यादव, मो. मिंटू, मो. कलाम, मो. गुफरान, मो. शैलाब, मो. मजबुल मो. इकराम चाँद न०साद समेत अन्य मौजूद थे।

